## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 02.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी कल एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे झारखंड, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची में कार्यक्रम की तैयारियों को लिया जायजा, गढ़वा में डीआईजी ने की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा।**
2. **एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर किया गया सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी चार जुलाई को रांची में नये क्षेत्रीय कार्यालय का करेंगी उदघाटन।**
3. **गिरिडीह में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, दो महिलाएं गंभीर रुप से घायल, कोडरमा में जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रुप से बीमार।**
4. **मौसम विभाग ने आज पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला समेत आठ जिलों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान, औरेंज अलर्ट जारी।**
5. **15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप कल से रांची में, देशभर की 28 टीम लेंगी हिस्सा।**

**समाचार विस्तार से**

*********************

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कल झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। इस दौरान वे रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर जनता को समर्पित करेंगे। मुख्य समारोह ओटीसी ग्राउंड में आयोजित होगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कोरिडोर को लेकर जनता में गजब का उत्साह है।

*********************

श्री गडकरी गढ़वा बाईपास का भी लोकार्पण करेंगे। इस बीच पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने गढ़वा एसपी के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत में डीआईजी ने सुरक्षा प्रबंध पर संतोष व्यक्त किया।

*********************

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, एनआईपीसीसीडी का आधिकारिक तौर पर नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान करना भारत के अग्रणी समाज सुधारकों में से एक की विरासत को श्रद्धांजलि है और महिला एवं बाल–केंद्रित विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। उन्होंने यह भी बताया कि रांची में चार जुलाई को एक नये क्षेत्रीय केन्द्र का उदघाटन किया जायेगा। यह केंद्र मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रमों– मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 की विशेष प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

*********************

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद– आईसीएमआर तथा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र– एनसीडीसी के व्यापक अध्ययनों ने निर्णायक रूप से यह पाया है कि कोविड–19 के टीकों और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। देश के दो प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों के अध्ययनों ने पुष्टि की है कि भारत में इस्तेमाल हुए कोविड–19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी रहे हैं, जिनसे गंभीर दुष्प्रभावों के मामले अत्यंत दुर्लभ

हैं। भारत में अचानक हृदय संबंधी मौतों की इन घटनाओं को आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद स्थितियों और कोविड के बाद की जटिलताओं सहित कई अन्य कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

*********************

गिरिडीह जिले के बैंगाबाद थाना क्षेत्र में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हैं। बैंगाबाद थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि कल देर रात करीब ढाई बजे एक ट्रक ने पीछे से चार पहिया वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी मृतक जमुआ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

*********************

इधर कोडरमा के मरकच्चो प्रखंड के योगियाटीलहा गांव में जंगली मशरूम यानी खुखड़ी खाने से एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं। सभी को कोडरमा सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। दो लोगों की हालत नाजुक बतायी गयी है।

*********************

जमशेदपुर के पोटका प्रखंड के एक शिक्षक ने अपने नवाचार से अपनी अलग पहचान बनायी है और वे दूसरे शिक्षकों के लिए रोल मॉडल बन गये हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक–सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक बम्बई शेयर बाजार का सेंसेक्स एक सौ 64 अंक बढ़कर 83 हजार 533 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 64 दशमलव तीन–शून्य अंक की गिरावट के साथ 25 हजार 477 पर कारोबार कर रहा था।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख बारह हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में अगले पांच दिनों तक बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने आज पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला समेत आठ जिलों में भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड के ऊपर निम्न दवाब के कारण राज्यभर में बारिश हो रही है।

*********************

जमशेदपुर में इसी महीने होने वाले डूरंड कप ट्राफी की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। सात जुलाई को इस ट्रॉफी का अनावरण एक्सएलआरआइ के सभागार में होगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और एसएसपी पीयूष पांडे ने अनावरण स्थल एक्सएलआरआइ का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बताया कि सात और आठ जुलाई को पूरे शहर में ट्रॉफी टूर का भी आयोजन किया जायेगा।

*********************

15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चौंपियनशिप कल रांची में शुरु होगी। इसका उदघाटन राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। इस प्रतियोगिता में देशभर की 28 टीम हिस्सा लेंगी। सभी मैच मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में होगा।

*********************